Subject Code J-243 **Seat No.** | | | | | | | |

H

DATE : 20/06/2026

Time : 11.00 - 2.00

SUBJECT : SECRETARIAL PRACTICE (52)

DURATION : 3 Hours **TOTAL PAGES : 5** **TOTAL MARKS : 80**

सूचनाएँ : (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) दाहिनी ओर के अंक प्रश्नों के पूर्ण गुण दर्शाते हैं।

(iii) बायीं ओर दिए गए अंक प्रश्न क्रमांक दर्शाते हैं।

(iv) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।

प्र. १. (अ) निम्न दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर वाक्यों को पूर्ण करके पुनः लिखिए: **२०** (५)

(i) कंपनी को सरकार की ओर -------- का भुगतान करना पड़ता है।

(अ) कर (ब) लाभांश

(क) ब्याज

(ii) अमेरिकन जमा रसीद की बिक्री -------- में होती है।

(अ) लंदन (ब) जापान

(क) यू.एस.ए.

(iii) अंशों का/की -------- वैधानिक व्यवस्थाओं के अनुसार होता है।

(अ) जब्ती/हरण (ब) हस्तांकन

(क) आवंटन

(iv) ऋणपत्रों के शोधन के लिए -------- खाते की धनराशि का प्रयोग किया जाता है।

(अ) पूँजी (ब) ऋणपत्र शोधन संचिति

(क) लाभ अथवा हानि

(v) जमाएँ कंपनी का -------- ऋण का प्रकार हैं।

(अ) स्थायी (ब) दीर्घावधि

(क) अल्पावधि

(ब) निम्नलिखित प्रत्येक विधान के लिए केवल एक उचित शब्द अथवा संज्ञा अथवा शब्द समूह लिखिए : (५)

(i) डिपॉजिटरी का मध्यस्थ अथवा प्रतिनिधि।

(ii) कंपनी द्वारा उत्तमर्णों को प्रतिफल के रूप में किया गया भुगतान।

(iii) लाभांश भुगतान का प्रपत्र/साधन।

(iv) एक विशिष्ट स्थान जहाँ प्रतिभूतियों का व्यापार संगठित तरीके से किया जाता है।

(v) वह बाज़ार जो अल्पावधि के लिए कोषों की पूर्ति करता है।

(क)उचित जोड़ियाँ मिलाइए : (५)

'अ' गुट	'ब' गुट
(अ) कार्यशील पूँजी	(१) अधिकतम ३६ महीने
(ब) संचालक मंडल	(२) वित्तीय प्रतिभूतियों का व्यापार
(क) सुरक्षित जमाएँ अवधि	(३) भौतिक रूप में समस्या का सामना
(ड) वित्तीय बाजार	(४) कुल चालू संपत्तियों का योग
(इ) नकली हस्तांतरण/ खराब डिलेवरी	(५) ऋणपत्र निर्गमन का अधिकार
	(६) अधिकतम ३० महीने
	(७) कुल चालू देयताएँ
	(८) वस्तुओं का व्यापार
	(९) राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT)
	(१०) इलेक्ट्रॉनिक रूप में समस्या का सामना

(ड) गुट से विसंगत / अलग शब्द पहचानिए : (५)

(i) भूमि एवं भवन, यंत्र व संयंत्र, नगद/रोक

(ii) अंकित मूल्य, पुनर्भुगतान मूल्य, बाजार मूल्य

(iii) सेबी, ऋणपत्रधारक, अंशधारक

(iv) लाभांश खाता, लाभांश आदेश, अदत्त एवं अनध्यर्थित लाभांश खाता

(v) नया निर्गमन बाज़ार, द्वितीयक बाज़ार, याचना मुद्रा बाज़ार

प्र. २. निम्नलिखित संज्ञाएँ/ अवधारणाएँ स्पष्ट कीजिए (कोई चार) : ८

(i) वित्त निवेश का निर्णय

(ii) व्यापारिक साख

(iii) प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गमन (IPO)

(iv) ऋणपत्र प्रमाण-पत्र

(v) भौतिकीकरण / रिमटेरियलाज़ेशन

(vi) स्कंध विनिमय / अंश विपणि

प्र. ३. निम्नलिखित घटनाओं एवं परिस्थितियों का अध्ययन करके अपना मत स्पष्ट कीजिए (कोई दो) : ६

(i) अल्फा कंपनी लिमिटेड द्वारा अपने अंशधारकों से, प्रत्येक १०० अंकित मूल्य के एवं धारण किए गए, प्रत्येक अंश पर अदत्त ₹ २० की याचना की गई है। कंपनी द्वारा अंशधारकों को राशि का भुगतान कंपनी के बैंक में विहीत (विशिष्ट) अवधि में करने के लिए पत्र द्वारा सूचित किया गया है।

(अ) क्या अंशधारक उनके द्वारा धारण किए गए प्रत्येक अंश पर ₹ २० का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी हैं?

(ब) कंपनी द्वारा उसके अंशधारकों को जिस पत्र द्वारा प्रति अंश ₹ २० का भुगतान करने के लिए सूचित किया गया है उस पत्र को क्या कहते हैं?

(क) अंशधारक के प्रस्तुत राशि का भुगतान करने में असफल रहने पर उसकी परिणिती क्या हो सकती है?

(ii) श्री. राजेश द्वारा स्टार कंपनी लिमिटेड के १०० डिमेटीकृत अंश धारण किए गए हैं।

(अ) श्री. राजेश एक-एक अंश पत्नी, पुत्री और पुत्र के नाम हस्तांतरित करना चाहते हैं, क्या वे ऐसा कर सकते हैं?

(ब) क्या उन्हें हस्तांतरण हेतु डीआरएफ अथवा डीआईएस प्रस्तुत करने की आवश्यकता है?

(क) क्या वे उनकी पत्नी का नामांकन डिमेट खाते में कर सकते हैं?

(iii) डोनाल्ड कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष २०२४-२५ के ₹ १० प्रति अंश का लाभांश घोषित किया है।

(अ) यदि लाभांश की घोषणा के ३० दिनों के भीतर लाभांश का भुगतान नहीं किया गया तो क्या कंपनी की गलती मानी जाएगी?

(ब) क्या कंपनी को अदत्त लाभांश अपने ऋणपत्र संचिति खाते में स्थानांतरित करने का अधिकार है?

(क) क्या कंपनी को अदत्त लाभांश ३० दिन के बाद IEPF खाते में स्थानांतरित करना चाहिए?

प्र. ४. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) : १२

(i) स्वामित्व पूँजी एवं उधार पूँजी

(ii) अधिकार अंश एवं बोनस अंश

(iii) अंतरिम लाभांश एवं अंतिम लाभांश

(iv) कृत्यकी (जॉबर) एवं दलाल / मध्यस्थ (ब्रोकर)

प्र. ५. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए (कोई दो) : ८

(i) ऋणपत्र निर्गमन संबंधी कंपनी अधिनियम, २०१३ के कोई भी चार प्रावधान लिखिए।

(ii) ब्याज की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(iii) वित्तीय बाजार के कोई चार कार्य स्पष्ट कीजिए।

प्र. ६. निम्नलिखित विधान कारण सहित स्पष्ट कीजिए (कोई दो) : ८

(i) स्थायी पूँजी की आवश्यकता को विभिन्न कारक प्रभावित करते हैं।

(ii) ऋणपत्रों का निर्गमन करते समय कंपनी को ऋणपत्र विश्वस्त की नियुक्ति करनी पड़ती है।

(iii) सभी कंपनियाँ सामान्य जनता से जमाओं का स्वीकार नहीं कर सकतीं।

(iv) इलेक्ट्रॉनिक प्रतिभूतियाँ भौतिक प्रतिभूतियों से अधिक सुरक्षित हैं।

प्र. ७. निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए (कोई दो) : १०

(i) सदस्य को अंश प्रमाण-पत्र निर्गमन करने संबंधी पत्र लिखिए।

(ii) ऋणपत्रधारक को ऋणपत्र के आवंटन का पत्र लिखिए।

(iii) जमाकर्ता को जमा पर ब्याज अधिपत्र द्वारा ब्याज के भुगतान की सूचना का पत्र लिखिए।

प्र. ८. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई एक) : ८

(i) ऋणपत्र क्या है? ऋणपत्रों के विभिन्न प्रकार स्पष्ट कीजिए।

(ii) अंशों के आवंटन के वैधानिक प्रावधान स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆